NT>

Title: Need to accord Central University status to Guru Ghasidas University in Madhya Pradesh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, सर्वे करने पर पाया गया कि देश के सभी आदिवासी वेल्ट पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं, जैसे सिंलाग, गोहाटी, अरूणाचलम।

इसी प्रकार मध्य प्रदेश-बिलासपुर संभाग भी वनवासी, आदिवासी क्षेत्र है। अतः इस क्षेत्र (बिलासपुर) में भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिये। वर्तमान में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय सतनामी संत शिरोमणि के नाम पर स्थापित हैं, उसके पास एक हजार एकड़ भूमि तथा अनेक विभाग (चौबीस विभाग) संचालित हैं। इस जमीन और अन्य सुविधाओं का समुचित उपयोग करते हुए गुरू घासी दास विश्वविद्यालय को ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाया जाये ताकि इस आदिवासी वेल्ट व अनुसूचित बहुल क्षेत्र का विकास उच्च शिक्षा के माध्यम से हो सके।

अतः केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की महान कृपा करें।